## एक नजर में

### अटल सरोवर नागचून तालाब किनारे मियावाकी पद्धति से 3000 पौधों का रोपण प्रारंभ



**खंडवा ।** नगर निगम खंडवा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित शहर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत अटल सरोवर, नागचून तालाब के किनारे मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य के अंतर्गत लगभग 3000 पौधे लगाए जा रहे हैं, जिनसे एक घना और प्राकृतिक मियावाकी जंगल तैयार किया जाएगा। मियावाकी पद्धति जापान से प्रेरित एक वैज्ञानिक पौधारोपण तकनीक है, जिसमें विविध प्रजातियों के पौधे समीपता में लगाए जाते हैं, जिससे कम समय में घना जंगल विकसित होता है। इस परियोजना में शीशम, नीम, करंज, कचनार, अमलतास, जामुन, आँवला, विलायती इमली सहित अनेक प्रजातियों के वृक्ष लगाए जा रहे हैं, जो न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से लाभकारी होंगे, बल्कि जैव विविधता को भी प्रोत्साहन देंगे। इस वृक्षारोपण कार्य का संचालन प्रभारी उद्यानिकी अधिकारी मनीष झीले के द्वारा किया जा रहा है एवं महापौर अमृता अमर यादव एवं आयुक्त प्रियंका राजावत के निर्देशन में किया जा रहा है ।निगम द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस हरित पहल में सहयोग करें, पौधों की सुरक्षा का संकल्प लें और वृक्षों को संरक्षित करने में भागीदार बनें।

### जागरूकता : स्वच्छ हाथ अभियान



**मून्दी ।** सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान अंतर्गत स्वच्छ हाथ अभियान के बारे में नगरीय क्षेत्र की मॉडल पब्लिक स्कूल मैं छात्र- छात्राओं को जानकारी दी । इसका उद्देश्य छात्र छात्राओं को हाथ धोने एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर चर्चा की गई। जिसमे उन्हें बताया गया की हमें खाना खाने से पहले हाथों को अच्छे से धोना चाहिए । क्योंकि सबसे ज्यादा बीमारी हाथों से ही फैलती है।इत्यादि विषयों पर छात्र- छात्राओं से चर्चा की गई ।इस दौरान स्कूल के शिक्षक- शिक्षिका मौजूद रहे।

### खंडवा गौरव दिवस के संबंध में बैठक होगी

**खंडवा ।** आगामी 4 अगस्त को खंडवा का गौरव दिवस मनाया जायेगा। इस आयोजन की तैयारियों के संबंध में 4 जुलाई को दोपहर 12 :30 बजे कलेक्टोरेट सभागृह में बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये हैं। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी,खाद्य एवं औषधि निरीक्षक, के साथ सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य, खण्डवा स्थित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, आयुक्त नगर निगम, जिला आबकारी अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मूंदी -सनावद मार्ग पर पौधारोपण





**मन्दी ।** मन्दी सनावद मार्ग पर करीब 1000 वृक्षों का रोपण का कार्य चल रहा है करीब 700 पौधे दो दिनों में अलग-अलग स्थान पर रोपण हो गया है।300 पौधे का रोपन 3 जुलाई को हो गया। यहां मार्ग दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के अंतर्गत टोलवे रोड है करीब 12 वर्षों से पौधारोपण का कार्य मार्ग के आजू-बाजू किया जा रहा है। मूदी से सनावद करीब 64 किलोमीटर मार्ग में वाया पुनासा होकर एवं वाय देवला खुटलामार्ग पर लगाएं जा रहा है । इन पौधों की देखभाल कंपनी की ओर से की जाती है । दिलीप बिल्डकॉन कंपनी टोल मैनेजर दिनेश सिंह द्वारा बताया गया कि कंपनी के द्वारा हर वर्ष पर्यावरण की सुरक्षा के उद्देश्य से एवं छायादार वृक्षों को लगाया जाता है कंपनी के कर्मचारी इन्हें लगते हैं एवं रखरखाव करते हैं इस कार्य में कंपनी की ओर से श्रीकांत साघ धर्मेंद्र प्रजापति शिवकरण एवं अन्य कर्मचारी सहयोग कर रहे हैं।

### बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

**खंडवा ।** जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 4 जुलाई को प्रात: 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता करेंगे। बैठक में नगर निगम,जिला पंचायत,श्रम विभाग,स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल,सामाजिक न्याय,कौशल विकास,जिला योजना,अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनपद सदस्य का 1, सरपंच के 3 और पंच के 40 पदों के लिए होगा उप निर्वाचन

**पंचायत पदाधिकारी के रिक्त पदों के संबंध में अधिसूचना जारी**

**खंडवा ।** खंडवा जिले में 31 मार्च 2025 की स्थिति में आकस्मिक रूप से रिक्त हुए पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों के पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन आयोजित किया जाना है। इस संबंध में निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन मंगलवार को किया गया। अधिसूचना अनुसार खंडवा विकासखंड में जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 2 ग्राम पंचायत अमोदा, पिपलिया एवं मातपुर का 1 पद तथा ग्राम पंचायत रामपुरा में पंच का 1 पद रिक्त है ।इसके अलावा पंधाना विकासखंड में ग्राम पंचायत टाकल खेड़ा के सरपंच का 1 पद रिक्त है।पुनासा विकासखंड में कुल 9 पंचायत में पंच के 22 पद रिक्त हैं। छेगांवमाखन विकासखंड में ग्राम पंचायत सिलोदा में सरपंच का 1 पद एवं छैगांव देवी में पंच का 1 पद रिक्त है ।बलडी विकासखंड की 8 ग्राम पंचायत में पंच के कुल 14 पद रिक्त हैं।जबकि खालवा विकासखंड में ग्राम अंबाडा में सरपंच का 1 पद एवं पंच के 2 पद ग्राम मदनी में रिक्त हैं।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस तरह जिले में जनपद सदस्य का 1, सरपंच के 3 और पंच के कुल 40 पद रिक्त हैं।

# अंधे कत्ल का हुआ खुलासा,दो आरोपियों को धर दबोचा

नवभारत न्यूज

**खंडवा। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक महिला की अर्धनग्न हालत में लाश मिलने से हड़कंप मच गया था ।इस मामले का गुरुवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी प्रिस,दिवाल उर्फ राधे को धर दबोचा है ।**



जिन्होंने घटना की रात करीब 8.00 बजे पहले तो महिला के साथ सुनसान क्षेत्र में जाकर शराब पी । जिसके बाद महिला से संबंध बनाने की कोशिश की ।हालांकि इस दौरान महिला ने संबंध बनाने से इनकार कर दिया ।तब दोनों आरोपियों ने महिला के साथ गैंगरेप कर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए ।लेकिन कुछ देर बाद वापस दोनों आरोपी मौके पर पहुंचे, और महिला को दोबारा पत्थरों से कुचलकर महिला की हत्या करना सुनिश्चित किया ।

जिसके बाद इनमें से एक आरोपी खंडवा से महाराष्ट्र के नासिक के एक डेरे में जा छिपा, तो वहीं दूसरा आरोपी खंडवा में ही भूमिगत हो गया। इस दौरान पुलिस ने करीब 1000 से अधिक मोबाइल नंबर और 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की छानबीन कर इस मामले के असली कातिलों तक पहुंचा जा सका,और हत्याकांड का खुलासा हुआ।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

निरीक्षक अशोक सिंह चौहान थाना प्रभारी कोतवाली खंडवा, उनि राजू पाटिल वर्तमान चौकी प्रभारी रामनगर, उनि संतोष सावले तात्कालिन रामनगर चौकी प्रभारी, सउनि विनय राजपूत चौकी रामनगर, प्रआर 159 इरसाद, प्रआर 79 लतेशपाल सिंह तोमर, प्रआर 456 अमर प्रजापत, प्रआर 193 जितेन्द्र खाडेंकर, प्रआर 572 कमल, आरक्षक 708 अरविंद तोमर, आरक्षक 272 आलेश बैस, आरक्षक 601 अनिल बछाने, आरक्षक 820 राहुल, आरक्षक 646 विनोद, आरक्षक 724 विजय कडौले, प्रआर जितेन्द्र सायबर सेल, प्रआर 491 विक्रम वर्मा सायबर सेल, सीसीटीव्ही कन्ट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक अमित ससत्या, आरक्षक कुंदन, जिला विशेष शाखा से सउनि महेन्द्र यादव,प्रआर महेन्द्र वर्मा एवं चौकी बोरगांव से सउनि विरेन्द्र बिसेन की सराहनीय भूमिका रही हैं।

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा टीम को दस हजार नगद ईनाम देने की घोषणा की गई हैं।




पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने किया खुलासा

## प्राचीन विट्ठल मंदिर - नाम सप्ताह उत्सव - 144 वाँ वर्ष

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** अति प्राचीन विट्ठल मंदिर में 1882 से प्रतिवर्ष यहाँ आषाढ़ मास में सतत सात दिवसीय श्री नाम सप्ताह उत्सव मनाया जाता आ रहा है,प्रदेश का यह पहला मंदिर है जहां नाम सप्ताह उत्सव के तहत सातो दिन 24 घण्टे 7 दिवस रात दिन भगवान के भजन होते है।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पर्व के दौरान प्रतिदिन भगवान का विशेष शृंगार किया जाएगा। पारम्परिक प्राचीन उत्सव 4 जुलाई शुक्रवार से 11 जुलाई तक तिथि अनुसार मनाया जाएगा। यह अखंड पारम्परिक नाम सप्ताह उत्सव 143 वर्षो से बिना किसी अवरोध के शांति पूर्ण तरीके से भक्ति भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।



#### 4 जुलाई को प्रात : 6 .30 काकड़ा आरती के साथ उत्सव का आरम्भ होगा

6 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी मनाई जाएगी। 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा मनाई जाएगी। जिसमें परंपरानुसार श्री गुरु सच्चिदानंद महाराज की पादुका का पूजन किया जाएगा। सुनील जैन ने बताया कि पर्व के समापन आखिरी दिन 11 जुलाई को शाम 5 बजे भगवान श्री पंढरीनाथ (विट्ठल) की पालकी प्रतिवर्षानुसार शहर के कई मार्गों से निकलेगी।

नाम सप्ताह उत्सव मे प्रतिदिन कई भजन मंडल जैसे -सत्य साईं समिति , अथर्वशीर्ष भजन मंडल (मराठी समाज) विष्णु सहस्त्रनाम मंडल, विट्ठल मंदिर महिला भजन मंडल ,रामायण मंडल, हरे राम मंडल ,कसेरा समाज भजन मंडल, गुरव समाज मंडल, संत सिंगाजी भजन मंडल ,यादव समाज मंडल,पासी समाज मंडल,मराठा समाज मंडल, बालाजी भजन मंडल,दादाजी भजन मंडल,के साथ साथ कई ग्रामीण भजन मंडल एवम विभिन्न महिला मंडल कई वर्षों से उत्सव को सफल बना रहे है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी भक्तों , पहरों (भजन मंडलियों )से निवेदन हे ,की इस वर्ष भी इस पारंपरिक नाम सप्ताह उत्सव को बड़े हर्षोल्हास के साथ पूर्ण गरिमा रखते हुए सफलतापूर्वक मनाए।

## कार्यशाला का आयोजन




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पर्यावरण संरक्षण एवं पारंपरिक संस्कृति के संवर्धन की दिशा में नगर निगम खंडवा द्वारा गुरूवार को श्री दादाजी वार्ड में मिट्टी के गणपति निर्माण की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें लगभग 40 प्रतिभागियों ने स्वयं के हाथों से गणेश प्रतिमाएं बनाईं।

कार्यशाला में धर्मेंद्र जोहरी द्वारा प्रतिभागियों को सजीव प्रदर्शन के माध्यम से मिट्टी से गणपति जी की प्रतिमा बनाना सिखाया गया। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए पर्यावरण को क्षति पहुँचाए बिना गणेश उत्सव मनाने का महत्व भी समझाया। इस अवसर पर झोन प्रभारी भुवन श्रीमाली, वार्ड प्रभारी विजय वर्मा, उमा हिरवे, संदीप खराले,रवि शर्मा एवं दीपिका श्रीवास उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## साफ-सफाई अभियान चलाया

नवभारत न्यूज

**खंडवा। नगर निगम खंडवा द्वारा गुरुवार को वल्लभ भाई स्कूल सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत मुख्य रूप से नाले की सफाई, घास की कटाई एवं अवरुद्ध जल निकासी मार्गों को खोलने का कार्य किया गया।**

नाला गैंग के कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई का कार्य सुव्यवस्थित रूप से किया गया। इसके साथ ही घास कटाई मशीन के माध्यम से क्षेत्र में उगी झाड़ियों एवं घास की कटाई कर स्वच्छता सुनिश्चित की गई। नाले के मुंह के पास जेसीबी मशीन की सहायता से भारी मात्रा में जमी हुई गंदगी को हटाया गया तथा लगभग एक ट्रैक्टर ट्रॉली मलवा एवं कचरा मौके से निकाला गया।

इस समस्त कार्रवाई में जोन प्रभारी जाकिर अहमद, वार्ड दरोगा योगेश एवं संदीप की सक्रिय उपस्थिति रही। साथ ही नगर निगम की नाला गैंग के कर्मचारी भी पूर्ण समर्पण के साथ उपस्थित रहकर कार्य में सहयोगरत रहे।

नगर निगम खंडवा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत यह कार्यवाही न केवल जल निकासी को सुचारू करने हेतु की गई, बल्कि मानसून के मद्देनज़र नागरिकों को जलभराव से होने वाली असुविधा से बचाने के लिए भी यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।



## खंडवा पुलिस मल्टीपरपज ड्रोन से करेगी निगरानी

नवभारत न्यूज

***खंडवा। जिला खंडवा में मोहर्रम एवं गुरुपूर्णिमा जैसे त्योहारो में कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु व शहर मे निगरानी रखने हेतु जिला प्रशासन की ओर से एक मल्टीपरपज ड्रोन खंडवा पुलिस को दिया गया है।***

मल्टीपरपज ड्रोन के संबंध मे पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय द्वारा बताया गया कि यह ड्रोन 10 किलोमीटर के रेडियस मे उड़ान भर कर फोटो एवं विडिओ भेज सकता है,जिसके माध्यम से शहर के संवेदनशील स्थानों व सकरी गलियों में,ऊंची इमारतों की छतों पर,जुलूस,भीड़ वाले स्थानों तथा अवरुद्ध यातायात पर निगाह रखी जा सकती है। कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान आवश्यकता पड़ने पर अश्रु गैस के सेल भीड़ वाले स्थान पर एक्यूरेसी के साथ छोड़े जा सकते है। बाढ एवं अन्य आपदा के समय 08 किलोग्राम वजन तक की भोजन,पानी, दवाई आदि सामग्री पीड़ितों के पास पहुचाई जा सकती है।




मल्टीपरपज ड्रोन को आपरेट करने के लिए रेडियो प्रभारी निरीक्षक अमित सस्त्या एवं आरक्षक 609 चंदन द्वारा प्रेस्टीज कालेज इंदौर मे जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है।

मल्टीपरपज ड्रोन की कीमत 15 लाख रुपए है। इसका वजन 13 किलोग्राम है। इसमे उच्च क्वालिटी का नाइट विजन कैमरा लगा हुआ है, जिससे इसका उपयोग रात मे भी किया जा सकता है। इसमे ऑटो लैन्डिंग की व्यवस्था है, जो बैटरी बैकअप कम होने पर ड्रोन स्वयं भेजने वाली जगह पर वापस आ जाएगा।

मोहर्रम पर्व के अवसर पर खंडवा शहर में 07 राजपत्रित अधिकारी सहित 502 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर लगाए गए है। जो दिनांक 03.07.25 से 07.07.25 तक मोहर्रम पर्व पर सवारी एवं ताजिया भ्रमण तथा विसर्जन आदि कार्यक्रम के लिए फिक्सपिकेट, जुलूस व्यवस्था, ड्रोन पार्टी, व्योम पार्टी, कॉमपेक्ट प्लाटून, नाका व्यवस्था, मोटर साइकिल पार्टी, चार पहिया पेट्रोलिंग पार्टी ड्यूटी पर रहेंगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त वैधानिक कार्रवाईकी जाएगी।

**हरियाली महोत्सव** खंडवा पुलिस का 1000 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

# पुलिस लाइन में किया गया बृहद पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**खंडवा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा हरियाली महोत्सव 2025 मनाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है।**

पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार जिला खंडवा मे पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय द्वारा 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु गुरूवार को पुलिस लाइन खंडवा मे पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारणेकर के मार्गदर्शन मे रक्षित निरीक्षक खंडवा अरविन्द दाँगी द्वारा अपनी टीम के साथ बृहद पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया।

जिसमे नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे,उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, उप पुलिस अधीक्षक अजाक महेश कुमार दुबे, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय,जिला विशेष शाखा निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता,थाना प्रभारी मोघट रोड निरीक्षक धीरेश धारवाल,महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुलोचना गहलोत, प्रभारी रेडियो निरीक्षक अमित सस्त्या,सूबेदार धरम सिंह जामोद व सूबेदार ज्योति सूर्यवंशी सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक एक पौधारोपण किए। पुलिस अधीक्षक द्वारा लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने के निर्देश रक्षित निरीक्षक को दिए गए।




जिले में पुलिस लाइन के अलावा थाना मूँदी,थाना पिपलोद, थाना धनगाँव, थाना जावर,थाना छैगाँवमाखन चौकी, बोरगाँव थाना,पंधाना,थाना यातायात, जिला विशेष शाखा सहित अन्य थाना/ चौकी परिसर मे हरियाली महोत्सव 2025 के अवसर पर पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिले के समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारी, समस्त थाना क्षेत्र, पुलिस परिवार के परिवार जन द्वारा पौधारोपण अभियान में उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधारोपण कर वृक्ष के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पौधों का पौधारोपण किया गया।



#### पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय का संदेश

हरियाली महोत्सव 2025 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय द्वारा संदेश दिया गया कि जिले के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी कम से कम एक एक पौधारोपण स्वयं करे तथा परिवार के सदस्यों से भी पौधारोपण करवाये। साथ ही आम जनों से भी पर्यावरण की रक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने की अपील की गई है।